भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
Physical Research Laboratory, Ahmedabad

विषय : पी.आर.एल. की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (पुनर्गठित) की 64वीं बैठक ।
Sub : 64th meeting of Official Language Implementation Committee (reconstituted) of PRL.

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, मुख्य परिसर, अहमदाबाद की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 64वीं बैठक शुक्रवार, 20 मार्च 2025 को 1130 बजे से 1325 बजे तक वीडियो कॉन्फरेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी। कार्यालयाध्यक्ष एवं निदेशक, पीआरएल, प्रो. अनिल भारद्वाज ने इस बैठक की अध्यक्षता की। अध्यक्ष, रा.भा.का.स., निदेशक, पीआरएल ने बैठक की शुरुआत सभी सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस (International Day of Happiness- 20 March) की शुभकामना के साथ की एवं सभी को खुश रहने का संदेश दिया। सभी सदस्यों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। वर्ष 2025-26 की अंतिम रा.भा.का.स. बैठक में निदेशक, पीआरएल ने आगामी वर्ष 2026-27 में भी उत्साह के साथ पीआरएल में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बनाए रखने की सलाह दी। कार्यालयाध्यक्ष महोदय ने पिछली तिमाही में अनुभागों के आंकड़ों की समीक्षा की एवं स्थिति नियमानुसार एवं संतोषजनक पाया।

बैठक में मानक कार्यसूची के अनुसार मदवार चर्चा हुई जो निम्नानुसार है:-

(i) धारा 3 (3) के अंतर्गत कागजात द्विभाषी जारी करना।
(ii) हिंदी में पत्राचार की स्थिति।
(iii) हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना।
(iv) फाइलों पर हिंदी में टिप्पण देना।
(v) हिंदी (भाषा, टंकण व आशुलिपि) का प्रशिक्षण।
(vi) वेबसाइट पूरी तरह से द्विभाषी बनाना और अद्यतन रखना।
(vii) विभागीय आई.टी. सिस्टमों में हिंदी में कार्य करने की सुविधा व इसका उपयोग सुनिश्चित कराना।
(viii) कोड/मैनुअल आदि पूरी तरह से द्विभाषी बनाना।
(ix) सभी कम्प्यूटरों पर द्विभाषी सुविधा (यूनिकोड में) उपलब्ध कराना।
(x) राजभाषा निरीक्षणों की स्थिति।
(xi) अनुभागों को अपना पूरा काम हिंदी में करने के लिए अधिसूचित करना।
(xii) मंत्रालय/विभाग से संबंधित अन्य विशेष मुद्दे।
(xiii) मंत्रालय/विभाग में हिंदी के प्रचार एवं प्रसार के लिए उपलब्ध साधनों, यंत्रों जैसे कम्प्यूटर, प्रिंटर्स, फैक्स आदि की समीक्षा।
(xiv) मंत्रालय/विभाग में रिक्त पदों एवं भविष्य में सृजित होने वाले पदों की समीक्षा।
(xv) मंत्रालय/विभाग में राजभाषा से संबंधित लोक शिकायतों की स्थिति की समीक्षा।

(xvi) राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ यह बैठक संपन्न हुई।
The Meeting ended with a vote of thanks.

बैठक की झलकियां